आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांक 01.07.2024   समय 18.30

- देश में तीन नये आपराधिक कानून आज से लागू– केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा– नये कानून शीघ्र न्याय और पीड़ितों के अधिकार सुनिश्चित करेंगे।
- प्रदेश में आज से स्टॉप डायरिया और आंगनबाडी चलो अभियान शुरू।
- राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एनटीए ने नीट यू.जी. के लिए दोबारा हुई परीक्षा के बाद संशोधित परिणाम घोषित किया।
- प्रदेश के कई स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश।

000

देश में आज से तीन नये आपराधिक कानून लागू हो गये हैं और इसके साथ ही भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली में एक नये युग की शुरूआत हुई है। भारतीय दण्ड संहिता 1860 की जगह भारतीय न्याय संहिता 2023 ने ले ली है। इसी तरह भारतीय आपराधिक संहिता 1973 का स्थान भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 ने और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 का स्थान भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 ने ले लिया है।

नये आपराधिक कानून, भारतीय स्वभाव के अनुरूप और अधिक पीड़ित केन्द्रित बनने की भावना से लाये गये हैं। इनका उद्देश्य दण्ड नहीं बल्कि न्याय देना है। भारतीय आत्मा वाले इन तीन कानूनों से पहली बार हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली भारत द्वारा, भारत के लिये और भारतीय संसद द्वारा बनाये गयेकानूनों से चलेगी।

इन कानूनों के बारे में नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज से लागू हुए तीन आपराधिक कानूनों से देश में सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली स्थापित होगी। उन्होंने कहा कि ये नई आपराधिक न्याय प्रणाली पूरी तरह से स्वदेशी है। श्री शाह ने कहा कि नए कानून त्वरित न्याय और पीड़ितों के अधिकार सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि पहले केवल पुलिस के अधिकारों की रक्षा की जाती थी लेकिन अब पीड़ितों और शिकायतकर्ताओं के अधिकारों की भी रक्षा की जाएगी। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ने देश विरोधी गतिविधियों के खिलाफ राजद्रोह कानून को खत्म कर नए प्रावधान लागू किए हैं।

......................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि नए आपराधिक कानून, गुलामी की मानसिकता और गुलामी के प्रतीक चिन्हों वाले पुराने कानूनों को समाप्त कर नए भारत की स्थापना करेंगे। उन्होंने कहा कि नए कानूनों से न्याय की प्रक्रिया सुगम होगी और पीड़ितों को समयबद्ध न्याय मिल सकेगा। श्री शर्मा देश में तीन नये आपराधिक कानूनों के आज से लागू होने के मौके पर वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से आयोजित बैठक में बोल रहे थे।
नये कानूनों के तहत दौसा जिले में नई धाराओं में पहला मामला दर्ज किया गया है। दौसा पुलिस अधीक्षक रंजिता शर्मा ने बताया कि नये आपराधिक कानूनों के तहत जिले के लालसोट थाने में एक महिला ने पहला मामला दर्ज कराया है।

.....................

000

प्रदेश में आज से स्टॉप डायरिया अभियान चलाया जा रहा है। दस्त संबंधी बीमारियों की प्रभावी रोकथाम के लिए इस अभियान की शुरूआत की गयी है। 31 अगस्त तक चलने वाले अभियान के तहत आशा कार्यकर्ता घर–घर जाकर 5 साल तक के बच्चों को दस्त से बचाव के लिए ओआरएस पैकेट और जिंक की गोलियां वितरित करेंगी। इसके अलावा सभी चिकित्सा संस्थानों और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ओआरएस जिंक कॉर्नर संचालित किए जाएंगे, जहां आमजन को दस्त से बचाव और उपचार की जानकारी दी जाएगी। साथ ही, स्वच्छता संबंधी गतिविधियों का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाएगा।

जैसलमेर में स्टॉप डायरिया अभियान के तहत शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गफूर भट्टा में 5 साल तक के बच्चों को ओआरएस के पैके मुफ्त बांटे गये। बाड़मेर जिले में डायरिया की रोकथाम के लिए आशा सहयोगिनी 5 साल तक के बच्चों को घर–घर जाकर सर्वे करेंगी। इस दौरान उपचार के लिये आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को डायरिया के लक्षणों और बचाव के प्रति जागरूक भी किया जाएगा।

000

राज्य में आज से "आंगनबाड़ी चलो अभियान" शुरू हो गया है जो 15 जुलाई तक चलेगा। महिला और बाल विकास विभाग के शासन सचिव डॉ. मोहनलाल यादव ने बताया कि समेकित बाल विकास सेवाएं निदेशालय द्वारा वर्तमान में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 3 से 6 साल तक के बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा के तहत खेल– खेल में पढ़ाई, पौष्टिक आहार, स्वास्थ्य जांच जैसी सेवाएं दी जा रही हैं। इसके तहत राज्य में 1 से 15 जुलाई तक आंगनबाड़ी चलो अभियान चलाया गया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उदेश्य 3 से 6 साल की उम्र के सभी बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों से जोड़ना है। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र पर मिलने वाली सुविधाओं के बारे में अभिभावकों और समुदाय को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत विभाग द्वारा घर–घर जाकर और विभिन्न माध्यमों से अभिभावकों से अपील की जाएगी कि वे बच्चों के चहुमुखी विकास के लिये अपने 3 से 6 साल तक के बच्चों का आंगनबाड़ी में पंजीकरण करवाएं।

000

लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने आज जयपुर में सेना की सप्त शक्ति कमांड की बागडोर संभाल ली। इससे पहले वे आर्मी ट्रेनिंग कमांड के जनरल ऑफिसर कमांडिंग–इन–चीफ के रूप में काम कर रहे थे। सेना कमांडर ने दक्षिण पश्चिमी कमांड की कमान संभालने के बाद कमान के सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं दीं।

000

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी – एनटीए ने नीट यू.जी. के लिए दोबारा हुई परीक्षा के बाद आज एक हजार 563 परीक्षार्थियों के संशोधित परिणाम घोषित कर दिए हैं। नए नतीजों के बाद एनटीए ने सभी परीक्षार्थियों की रैंक भी संशोधित की है। एनटीए ने एक विज्ञप्ति में कहा कि सभी परीक्षार्थियों के संशोधित स्कोर कार्ड वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इसमें कहा गया है कि पात्र एक हजार 563 परीक्षार्थियों में से 813 परीक्षार्थियों ने दोबारा परीक्षा दी। गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एक हजार 563 परीक्षार्थियों की दोबारा परीक्षा लेने का निर्देश दिए जाने के बाद 23 जून को दोबारा परीक्षा आयोजित की गई थी। इन परीक्षार्थियों को मूल परीक्षा में अनुग्रह या प्रतिपूरक अंक दिए गए थे। इन्हें विकल्प दिया गया था कि वे या तो दोबारा परीक्षा में शामिल हों या उनके मूल अंक में अनुग्रह अंक नहीं जुड़ेंगे।

0000

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने आज जयपुर में नेशनल मीन्स कम–मेरिट स्कॉलरशिप स्कीम चयन परीक्षा 2024 का परिणाम जारी किया। इस छात्रवृत्ति के लिये एक लाख 2 हजार 355 परीक्षार्थियों ने आवेदन कियाथा, जिनमें से 81 हजार 163 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। राज्य के कोटे के आधार पर पांच हजार 471 विद्यार्थियों को मैरिट से चुना गया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने मैरिट में पहले तीन स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों से मोबाइल पर उन्हें बधाई दी। इस परीक्षा का परिणाम शाला दर्पण पोर्टल पर उपलब्ध है।

000

राज्यपाल कलराज मिश्र ने जनजातीय क्षेत्र में विद्यार्थियों की रोजगार जरूरतों को देखते हुए शिक्षा के आधुनियक तरीके अपनाने को कहा है। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्र की विषमताओं और विसंगतियों को दूर करते हुए जनजाति विद्यार्थियों को सशक्त और स्वावलंबी बनाने की दिशा में काम किया जाए। श्री मिश्र गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय के नौवें स्थापना दिवस पर राजभवन से ऑनलाइन संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय जनजातीय क्षेत्र के उत्थान के साथ आदिवासी विद्यार्थियों को मुख्य धारा में लाने का संवाहक बने।

000

डॉक्टर्स–डे के अवसर पर आज चिकित्सा विभाग द्वारा प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली में बढोतरी के मद्दे नजर 'वृक्षारोपण अभियान' अभियान का शुभारम्भ किया गया।

इस अभियान के तहत राज्य के सरकारी अस्पतालों में लगभग एक लाख पौधे लगाए जाएंगे। यह अभियान 31 जुलाई तक चलेगा। विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह तथा अन्य अधिकारियों ने आज स्वास्थ्य निदेशालय परिसर में पौधारोपण किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि अस्पतालों में बेहतर वातावरण, हरियाली, छाया और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और इससे निचले स्तर के चिकित्सा संस्थानों में 5 और इससे बड़े अस्पतालों में 10 पौधे लगाए जाएंगे।
डॉक्टर्स डे के मौके पर आज जिलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। बूंदी में डॉक्टर्स डे पर इण्डियन रेडक्रास सोसायटी बूंदी द्वारा डॉक्टर्स का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिनंदन किया गया। अलवर जिला अस्पताल और नसीराबाद में निजी संस्था की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। पाली में राजकीय बांगड़ अस्पताल में डॉक्टरों ने रक्तदान किया। जिले के देसूरी उपखण्ड क्षेत्र के रणकपुर में भी डॉक्टरों ने रक्तदान किया और सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया।

000

राज्य की 9 हजार 325 ग्राम पंचायतों में आज 'टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान' का तीसरा चरण शुरू किया गया। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने के लिए चिन्हित ग्राम पंचायतों में सक्रिय टीबी रोगी खोज अभियान, सामुदायिक भागीदारी और जन जागरूकता बढ़ाने के लिये विशेष गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में यह अभियान 7 हजार 700 ग्राम पंचायतों में आयोजित किया गया था। इनमें से वर्ष 2023 में 622 ग्राम पंचायतों को भारत सरकार द्वारा ''टीबी मुक्त पंचायत'' घोषित किया गया है। श्रीमती सिंह ने बताया कि राजस्थान को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त प्रदेश बनाने के लक्ष्य को अर्जित करने के लिए चिकित्सा विभाग 31 मार्च 2025 तक यह अभियान चलेगा। अभियान के दौरान आशा और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा साल में दो बार घर-घर जाकर टीबी के संभावित रोगियों की खोज की जाएगी टीबी से उपचारित हो चुके 'टीब चैम्पियन' द्वारा उपचाररत रोगियों और संभावित रोगियों को जागरूकता गतिविधियों द्वारा टीबी रोग के लक्षण, पूरा इलाज और इलाज के दौरान नियमितता को लेकर जागरूक किया जाएगा। स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा स्कूलों और ग्रामसभा में 'टीबी रोग-शपथ' भी दिलाई जाएगी।

000

प्रदेश के कई स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश हुई है। मौसम विभाग द्वारा आज जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार बांसवाड़ा जिले के घाटोल में सबसे ज्यादा 8 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा दानपुर, रानीवाडा, चूरू और देवगढ़ में 7 सेंटीमीटर और गोगुन्दा, गंगापुर, पीपलखूंट, चौथ का बरवाड़ा और बेगूं में 5 सेंटीमीटर पानी बरसा। हनुमानगढ में आज तेज बारिश हुई। श्रीगंगानगर के रतनगढ में शाम को तेज बारिश हुई। जयपुर में रात से शुरू बारिश का सिलसिला दोपहर तक जारी रहा।
बारिश शुरू होते ही इन दिनों माउंट आबू में पर्यटकों के पहुंचने का सिलसिला तेज हो गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि मौसम का लुत्फ उठाने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से पर्यटक माउंट आबू पहुंच रहे हैं।

....................

मॉनसून की बारिश होने के बाद ज्यादातर जगहों पर किसानों ने खरीफ की बुवाई शुरू कर दी है। वहीं जैसलमेर, सवाईमाधोपुर सहित कई स्थानों पर वन विभाग, स्थानीय निकायों और आमजन की तरफ से पौध रोपण भी किया जा रहा है।

000